Class - IV
Subject - HINDI
पाठ – 5 यमराज का निमंत्रण

1. शब्दार्थ :–

डगमगाना	–	इधर–उधर हिलना डुलना
शेषनाग	–	हजार सिरों वाला नाग
प्रजापालक	–	प्रजा की भलाई चाहने वाला राजा
जागीर	–	इनाम के रूप में मिली जमीन–जायदाद
थर्राना	–	काँपना

2. दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए।

क. महाराज के विषय में प्रजा की क्या राय है?

उत्तर महाराज के विषय में प्रजा की राय मंत्री कृपापाल सिंह के कथन के अनुसार बहुत अच्छी है। छोटे–बड़े सभी उनकी प्रशंसा करते हैं तथा उनकी दया और न्याय को कोई भी भूल नहीं सकता।

ख. रानी राजा के बारे में क्या सोचती है?

उत्तर रानी राजा द्वारा पूछने पर अपनी सोच बताते हुए कहती है कि उनके समान कोई दूसरा राजा इस धरती पर नहीं है।

ग. यमदूत किसको लेने के लिए आया?

उत्तर यमदूत राजा अभिमान सिंह को लेने के लिए आया।

3. दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क. पंडित गुणगानी का काम उसके नाम के अनुरूप था। कैसे?

उत्तर पंडित गुणगानी का काम उसके नाम के अनुरूप था क्योंकि वह सिर्फ राजा को खुश करने के लिए उसके गुणों का बखान करता था और झूठी प्रशंसा किया करता था। गुणगानी यानी गुण को गाने वाला।

ख. राजा को अपने बारे में क्या भ्रम था? वह कैसे दूर हुआ?

उत्तर राजा को अपने बारे में भ्रम था कि वह पृथ्वी का प्रजापालक है तथा सारी प्रजा उससे बहुत प्यार करती है। उसके बिना वे सभी अनाथ हो जाएँगे तथा समुद्र में डूबकर प्राण दे देंगे। उसका यह भ्रम यमदूत के द्वारा लिए गए परीक्षा के बाद दूर हुआ।

ग. यमदूर ने किस शर्त पर राजा को छोड़ना स्वीकार किया?

उत्तर यमदूत ने राजा के सामने शर्त रखी कि अगर उसके मरने से तीन आदमी भी दुखी होंगे तो वह उसे धरती पर कुछ दिन और रहने देगा।

घ. क्या राजा अभिमान सिंह अच्छा शासक था?

उत्तर नहीं, राजा अभिमान सिंह अच्छा शासक नहीं था। वह बहुत घमंडी था। वह प्रजा के बारे में नहीं सोचता था। वह तो सिर्फ अपनी झूठी प्रशंसा सुनना पसंद करता था।

4. सही शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए।

क.	राजा अभिमान सिंह से सारी प्रजा प्रसन्न थी।	(अप्रसन्न / प्रसन्न)
ख.	पंडित गुणगानी राजा का भाट था।	(भाट / मंत्री)
ग.	महामाया राजा अभिमान सिंह की रानी थी।	(दासी / रानी)
घ.	राजा को यमदूत लेने आया।	(यमदूत / मंत्री)
ङ	यमदूत मोटा–तगड़ा था।	(मोटा–तगड़ा / दुबला पतला)

5. किसने, किससे कहा?

क. "सारी प्रजा प्रसन्न है। छोटे–बड़े सभी आपकी प्रशंसा करते हैं।"

किसने – मंत्री कृपापाल सिंह ने — किससे – राजा अभिमान सिंह से

ख. "आपके समान कोई दूसरा राजा इस धरती पर नहीं है।"

किसने – रानी महामाया ने — किससे – राजा अभिमान सिंह से

ग. "मैं तुम्हारी इन धमकियों से डरने वाला नहीं।"

किसने – यमदूत ने — किससे – राजा अभिमान सिंह से

घ. "खुद तो पागल थे हीं, हमें भी पागल बना दिया था।"

किसने – मंत्री कृपापाल सिंह ने — किससे – यमदूत से

6. सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए –

क. अभिमान सिंह के मंत्री का क्या नाम था?

कृपापाल सिंह — गुणगानी — महामाया

उत्तर कृपापाल सिंह

ख. गुणगानी के अनुसार किसके चलने से पृथ्वी डगमगाने लगती है?

पंडित गुणगानी — राजा अभिमानी — महामाया

उत्तर राजा अभिमानी